

# जिले में प्राकृतिक खेती के लिए 25 क्लस्टर बने

## किसान कृषक कल्याण वर्ष में जिले के 3125 किसानों को मिलेगा फसल विविधिकरण का लाभ

नवभारत न्यूज

**सतना 27 फरवरी. कृषक कल्याण वर्ष 2026 में सतना जिले में फसल विविधिकरण को और मिलेट्स को बढ़ावा देने के साथ ही प्राकृतिक खेती के क्षेत्र विस्तार को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।**




फसल विविधिकरण एवं मिलेट्स के अंतर्गत खरीफ2026 में 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कोदो, 2500 हेक्टेयर क्षेत्र में अरहर और 500 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्के की खेती प्रस्तावित की गई है। कृषि में डिजिटल एग्रीकल्चर के उपयोग से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण और विभागीय योजनाओं तथा एमपी किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। सतना जिले में जायद खेती के लिए वर्ष 2026 में उड़द एवं तिल का 470 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तार किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती के अंतर्गत सतना जिले के 25 क्लस्टरों में 3125 किसानों का चयन कर प्राकृतिक खेती का 1250 हेक्टेयर में विस्तार किया जा रहा है। फिलहाल मझगवां विकासखण्ड में पीकेव्हीवाय योजना के तहत 1 हजार किसानों का चयन किया जाकर प्राकृतिक खेती कराई जा रही है।

### किसान जागरुकता के लिए होंगे कार्यक्रम

किसानों को कृषि तकनीकों की जानकारी कृषि विषेषज्ञों के साथ कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि गेहूं एवं धान के साथ ही कोदो-कुटकी, चना, मसूर का उपार्जन और सोयाबीन तथा सरसों फसल की खरीदी भावांतर योजना में की जा रही है। फसल बीमा एवं किसान क्रेडिट कार्ड संबंधी योजना के प्रचार-प्रसार के साथ ही धरती माता बचाओ अभियान के तहत संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। एफपीओ के माध्यम से किसानों को आदान व्यवस्था और कृषि उत्पाद वितरण को सुदृढ़ किया जायेगा।

# चित्रकूट में 16 वर्ष बाद फिर बुझा सेवा का दीप





नवभारत न्यूज

**सतना 27 फरवरी. प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट को अपनी कर्म स्थली बनाकर समाज सेवा और ग्रामीण विकास की अनूठी मिसाल कायम करने वाले नानाजी देशमुख को न सिर्फ राष्ट्रऋषि की संज्ञा दी गई, बल्कि उन्हें सेवा का दीप भी माना गया।**

इसी तपोभूमि में 40 वर्ष से अधिक समय तक लगातार लाखों गरीब दुखियारों को नेत्र ज्योति प्रदान करने में महान योगदान देने के कारण डॉ. बी के जैन सेवा की प्रतिमूर्ति बन गए. एक ओर जहां तपोभूमि में अनवरत 30 वर्ष तक समाज सेवा और ग्रामीण विकास को समर्पित करने पर नानाजी को भारत रत्न की उपाधि से नवाजा गया था. वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सेवा सहित अन्य समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के कारण डॉ. जैन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया. संयोग भी कुछ ऐसा रहा कि राष्ट्रऋषि और सेवा मूर्ति दोनों ही हस्तियों का निधन चित्रकूट में 27 फरवरी को ही हुआ. 27 फरवरी 2010 को राष्ट्रऋषि के निधन को सेवा का दीप बुझने की संज्ञा दी गई थी. वहीं उस घटना के 16 वर्ष बाद ठीक उसी तारीख को चित्रकूट में सेवा मूर्ति का निधन हो जाने से एक बार फिर से सेवा का दीप बुझ गया.

# सड़क हादसे में सतना के युवक की मौत

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर हुई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे, गाजियाबाद क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर इनायतपुर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, मध्य प्रदेश के कटनी से पंजाब जा रहा एक ट्रक आगे खड़े अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गया।**




इस हादसे में ट्रक के 22 वर्षीय सहचालक रावेन्द्र उर्फ छोटू केवट, निवासी सोहौला गांव, थाना सोहावल, जिला सतना, की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर बहुत जोरदार थी। ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन बुरी तरह दब गया था। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में ट्रक का सहचालक रावेन्द्र उर्फ छोटू केवट गंभीर रूप से घायल हो गया। वह केबिन में फंस गया था, जिसके कारण उसे गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे किसी तरह बाहर निकाला गया। उस समय उसकी हालत बेहद नाजुक बताई जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल रावेन्द्र को एंबुलेंस से तुरंत सीएचसी डासना भेजा गया। लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक, उसे सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**-पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। ट्रक सड़क पर तिरछा खड़ा हो गया था। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को हटवाया, जिसके बाद यातायात फिर से सामान्य किया गया।

**जांच कर रही पुलिस**-फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सड़क पर खड़ा अज्ञात वाहन कौन सा था और किन परिस्थितियों में यह हादसा हुआ। अज्ञात वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### पिता भी थे ट्रक में सवार

मृतक रावेन्द्र उर्फ छोटू केवट की उम्र 22 वर्ष थी। वह मध्य प्रदेश के सतना जिले के सोहावल थाना क्षेत्र के सोहौला गांव का निवासी था। वह अपने पिता सुंदरलाल केवट के साथ ट्रक में सवार होकर सफर कर रहा था। परिवार में उसकी मौत की खबर पहुंचते ही मातम छा गया। बताया गया कि रावेन्द्र अपने पिता सुंदरलाल केवट के साथ ट्रक में बतौर सहचालक काम करता था। हादसे के समय उसके पिता भी ट्रक में मौजूद थे। हालांकि उन्हें इस दुर्घटना में गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन बेटे की मौत से वह गहरे सदमे में हैं।

## ग्रेच्युटी दावों के निबटारे में पारदर्शिता और नियमों का पालन अनिवार्य होगा : श्रमायुक्त

**सतना 27 फरवरी.** शासकीय विभागों, मंडलों और निगमों से जुड़े ग्रेच्युटी भुगतान के प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया के उल्लंघन और अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए श्रम आयुक्त,मध्य प्रदेश द्वारा नवीन मार्गदर्शी निर्देश जारी किए गए हैं उक्ताशय की जानकारी देते हुए रमेश मिश्रा लोक अभियोजक/शासकीय अभिभाषक (जीपी) ने बताया कि अब ग्रेच्युटी दावों के निपटारे में पारदर्शिता और नियमों का पालन अनिवार्य होगा,अधिनियम की धारा 3 के तहत अधिसूचित नियंत्रण प्राधिकारियों (सहायक श्रम आयुक्त/श्रम पदाधिकारी) को अब प्रत्येक प्रकरण में अधिनियम और नियमों के प्रावधानों का क?ाई से पालन करना होगा.

# बस की टक्कर से बाइक सवार पुत्री की मौत

## सोनवारी पुल के निकट हुआ हादसा, पिता का इलाज जारी

नवभारत न्यूज

**सतना 27 फरवरी. मैहर जिले में सोनवारी पुल के निकट हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जहां बाइक सवार बेटी की मौत हो गई वहीं पिता गंभीर तौर पर घायल हो गए. घायल पिता का उपचार अस्पताल में जारी है. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच कार्रवाई की जा रही है.**




प्राप्त जानकारी के अनुसार करही उचेहरा निवासी दिलीप द्विवेदी जिला चिकित्सालय सतना में ड्रेसर के पद पर कार्यरत हैं. शुक्रवार को दिलीप अपनी बेटी गुड़िया 19 वर्ष के साथ अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे. बताया गया कि शुक्रवार की दोपहर जैसे ही उनकी बाइक मैहर के सोनवारी पुल के निकट पहुंची वैसे ही एक तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी. बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार पिता-पुत्री उछलकर दूर जा गिरे. सिर पर गंभीर चोट आने के कारण पुत्री लहलुहान होकर मौके पर ही बेसुध हो गई. जबकि पिता घायल होकर तड़पने लगे. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय समाजसेवी उमाकांत उपाध्याय मौके पर पहुंच गए. आनन-फानन में वे दोनों घायलों को निजी वाहन के जरिए लेकर मैहर स्थित सिविल अस्पताल पहुंचे. जहां पर चिकित्सक द्वारा जांच करने पर बेटी को मृत घोषित कर दिया गया. जबकि पिता को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया.

### पुलिस ने जब्त किया बस

वहीं पुलिस द्वारा दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन को जब्त कर कर लिया गया और चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई . इस घटना की जानकारी मिलते ही एक ओर जहां परिजनों के बीच कोहराम मच गया . वहीं दूसरी ओर जिला चिकित्सालय में स्टॉफ के बीच भी शोक की लहर दौड़ गई .

# कुलगढ़ी बांध के निकट मिला युवक का शव, प्रकरण दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना 27 फरवरी. जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलगढ़ी बांध के निकट शुक्रवार की शाम एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस द्वारा मृतक की पहचान करते हुए प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद थाना पुलिस को कुलगढ़ी बांध के निकट शव पड़ा होने की सूचना मिली थी. जिसके आधार पर थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय और चौकी प्रभारी आर पी वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पाया कि जिस स्थान पर युवक का शव पड़ा मिला उससे कुछ दूरी पर ही एक बाइक और शराब की बोतल भी पड़ी पाई गई. ध्यान से देखने पर मृत युवक के शरीर पर चोट के निशान स्पष्ट नजर आ रहे थे. लिहाजा पुलिस द्वारा प्रथम दृष्ट्या हत्या की संभावना जताई गई. वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी नागौद रघु केसरी और साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह के साथ-साथ फिंगर प्रिंट टीम और डाग स्क्वाड भी मौके पर पहुंच गया. मृतक की जेब की तलाशी लिए जाने पर आधार कार्ड मिला. जिससे उसकी पहचान अनिल पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी गोरईया कला अमदरा मैहर के तौर पर हुई. मृतक की पहचान होने पर पुलिस द्वारा परिजनों से संपर्क करने पर मालुम हुआ कि युवक दो दिन से लापता था. जिसके चलते एक दिन पहले ही नजदीकी थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा शव का पोस्टमर्टम कराने के लिए मर्चुरी भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार परिजनों सहित अन्य लोगों से पूछताछ करते हुए घटना की जानकारी जुटाई जा रही है.

# अवयस्क से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

- सश्रम कारावास के साथ 20 हजार का अर्थदण्ड भी अधिरोपित

नवभारत न्यूज

**सतना 27 फरवरी. रात के अंधेरे में अवयस्क लड़की का अपहरण करने के बाद बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अपर सत्र न्यायालय रामपुर बघेलान विवेक कुमार पाठक द्वारा 20 वर्ष के सश्रम कारवास के साथ 20 हजार रु के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई.**

इस मामले में राज्य की ओर से अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट संजय यादव द्वारा किया गया. अभियोजन प्रवक्ता संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय द्वारा आरोपी वरुण विश्वकर्मा पिता शारदा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गाजन को धारा 342, 363, 366 आईपीसी और पाक्सो एक्ट की धारा 4 के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर उक्त दण्डादेश पारित किया गया. घटना के संबंध में अभियोजन प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अवयस्क पीड़िता द्वारा 20 जुलाई 2016 को थाने में शिकायत की गई थी. रात के लगभग 1 बजे जब लड़की लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली. उसी दौरान आरोपी वरुण ने उसे दबोच लिया और मुंह दबाकर अपने घर ले गया. जहां पर लड़की को जबरदस्ती बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. सुबह होने पर आरोपी ने लड़की को घर में बंद करते हुए बाहर से ताला लगा दिया. अगले दिन रात में आरोपी एक बार फिर से घर पहुंचा जहां पर लड़की को धमकाते हुए मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया. मोटरसाइकिल के जरिए ले जाकर आरोपी ने लड़की को उसके मामा के गांव दादर जिला रीवा में घर के सामने छोड़ दिया और लौट गया. जिसके बाद लड़की ने अपने मामा को घटना के बारे में बताया. मामा के जरिए घटना की जानकारी लड़की के माता पिता को मिली. जिसके बाद लड़की के वापस घर पहुंचने पर थाने में मामले की शिकायत की गई.

# सिरदर्द बन रही डीटीआर मीटरों की चोरी

## सहायक अभियंता ने थाने में की शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. शहर में लगातार कई स्थानों पर डी.टी.आर मीटर, मीटर, ट्रांसफार्मर आइल एवं खंभे आदि चोरी कर उन्हें बेचने के चलते आ रही समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग के अभियंता सक्रिय हो गए। जांच पड़ताल में एक संदिग्ध सामने आने पर उसकी शिकायत थाने में कर दी गई है।**



विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता द्वारा कोतवाली में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में रावेद्र कुमार कोल उर्फ केक पिता सुन्दरलाल कोल निवासी गहरा नाला सिंधी कैम्प सतना द्वारा डी.टी.आर. मीटरों की चोरी करने के प्रयास के कारण उसके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध करने की मांग की गई है। शिकायत में यह उल्लेख भी है कि मुख्यिारगंज विद्युत सेवा केन्द्र कार्यरत आपरेटर अनिल द्विवेदी जब अपनी ड्यूटी आने के लिये धीरेन्द्र गैस एजेंसी के पास पहुंचे तो वहां ट्रांसफार्मर के पास एक आदमी ट्रांसफार्मर का डी.टी.आर मीटर प्लास की मदद से निकाल रहा था, तो इनके द्वारा उनको रोका गया व एक आदमी को पकड़ लिया गया जिसका नाम रावेद्र कुमार कोल होना पाया गया। उक्त व्यक्ति द्वारा यह भी बताया गया कि उसके द्वारा लगातार कई स्थानों पर डी.टी.आर मीटर, मीटर, ट्रांसफार्मर आइल एवं खम्भे आदि चोरी कर बेचने का कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद अनिल द्विवेदी द्वारा अन्य स्टाफ को बुलाने के लिये फोन किया तो वह आरोपी व्यक्ति वहां से बाइक से भाग गया एवं 06 नग डी.टी.आर मीटर मौके पर छोड़ गया। जो विभिन्न ट्रांसफार्मरों से उन लोगो के द्वारा निकाले गये रहे होंगे। जिसे देखते हु संबंधित के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।



# अहंकार का त्याग और पूर्ण समर्पण ही जीवन का सार

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. अग्रवाल परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा जिसमे चित्रकूट की पावन भूमि से पधारे प्रात: स्मरणीय परम् पूज्य श्री श्री 1008 श्री स्वामी बदरी प्रपन्नाचार्य जी महाराज सतना की दिव्य भूमि में श्री मदभागवत् की कथा का रसास्वादन कराने के लिए पधारे है.**

इस कथा का सुंदर संकल्प जय प्रकाश अग्रवाल माया अग्रवाल जीवन लाल अग्रवाल माया अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल अनीता अग्रवाल परिवार ने लिया।

**श्रीकृष्ण का गोकुल जीवन**- भगवान श्रीकृष्ण का बाल्यकाल गोकुल और वृंदावन में बीता। उन्होंने पूतना, शकटासुर, त्रिणावर्त आदि राक्षसों का वध किया।माखन चोरी और गोपियों के साथ उनकी बाल लीलाएँ भक्तों को प्रेम और आनंद का संदेश देती हैं। भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए स्वयं अवतार लेते हैं।

**कालिया नाग दमन**- श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का दमन कर यमुना को विषमुक्त किया। अहंकार और विष (बुराई) को भगवान ही समाप्त करते हैं।श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक विष्णु अग्रवाल गोलू ,आशीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की कथा श्रवण करने में सतना नगर पालिक निगम के महापौर योगेश ताम्रकार सार्थक हॉस्पिटल के डायरेटर सुनील अग्रवाल अग्रवाल समाज के अध्यछ अशोक अग्रवाल ट्रांसपोर्ट एसोसियेक्शन के अध्यछ मनोज शर्मा दीनदयाल मंडल के अध्यछ संजय अग्रवाल चाँदी आनंद अग्रवाल रोहित अग्रवाल हिमांसु अरोरा संजय अग्रवाल आनंद अग्रवाल मरोधायछ मिश्रा प्रदीप यादव राजभान सिंह राजेश तरुण सुमित मोहित उपस्थित रहे.

# डॉ. जैन के निधन पर सांसद ने जताया शोक

नवभारत न्यूज


**सतना, 27 फरवरी. पद्मश्री डॉ. बी.के. जैन के निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है।**

सतना लोकसभा सांसद गणेश सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. जैन का अतुलनीय योगदान, सेवा भाव और जनकल्याण के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाजसेवा और मानवता की भलाई के लिए समर्पित कर दिया था। उनके प्रयासों से असंख्य लोगों को नई दृष्टि मिली और नया जीवन प्राप्त हुआ। डॉ. जैन ने नेत्र संबंधी जटिल समस्याओं का सफल समाधान कर हजारों मरीजों की आंखों में रोशनी लौटाई। उनकी यह सेवा पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि डॉ. जैन का निधन न केवल सतना जिले बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका योगदान और उज्ज्वल व्यक्तित्व आने वाली पीढियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल और शक्ति प्राप्त हो।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का स्वशासी में आयोजन आज

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के जिला स्तरीय आयोजन के संबंध में प्राचार्य कक्ष में जानकारी दी गई.**



बताया गया कि 28 फरवरी को प्रात: 10.00 बजे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष- भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर प्रतिभागियों की पात्रता, संसदीय प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शिवेश प्रताप सिंह ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन एवं प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठनक एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. क्रांति मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मनीष प्रताप सिंह आयोजन की व्यवस्थाओं का दायित्व संभाल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में एमवाई भारत पोर्टल पर पंजीकृत 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी स्तरों पर प्रतिनिधित्व का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।

## एक नजर में



### ऋषिकेश में सम्मानित हुए मैहर के पं. मोहनलाल

**सतना/मैहर,** मां शारदा की पवित्र धार्मिक नगरी मैहर के सुविख्यात ज्योतिष एवं वास्तु के मर्मज्ञ पं. मोहनलाल द्विवेदी को श्री जयराम आश्रम ऋषिकेश के विशाल एवं सुसज्जित सभागार में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे ज्योतिष के विशिष्ट विद्वानों के समक्ष प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । विंध्य क्षेत्र के लिए यह बड़े गौरव की बात है ।




### अभिनेत्री पूजा खिलवानी का हुआ सम्मान

**सतना।** सिंधी समाज की बहू से बेटी बनी श्रीमती पूजा खिलवानी का शाल श्रीफल भेंट कर आज स्थानीय पार्क होटल में राष्ट्रीय सामाजिक संस्था जिए सिंध सेवा संगम द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया कार्यक्रम का हु आयोजन संस्था फाउंडर मेंबर मनोहर सुगानी एवं संचालन वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल कामदार ने किया।*जिए सिंध सेवा संगम के लिए गर्व की बात है पूजा खिलवानी महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं

### कूर्मवंशी समाज विकास संगठन का वार्षिक अधिवेशन 29 मार्च

**सतना.** 26 फरवरी को कूर्मवंशी समाज विकास संगठन सरदार पटेल भवन शिवाजी जी नगर उतैली सतना संगठन के सह सचिव रावेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठन का वार्षिक अधिवेशन 29 मार्च को दोपहर को 12 बजे दिन रविवार को रखा गया है जिसमें वर्तमान सत्र के अनुमोदन कि कार्रवाई पिछले वर्ष के आय व्यय का लेखा जोखा, सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत करना उसमें विचार विमर्श, अध्यक्ष कि अनुमति से आवाश्यक कार्यवाही पर विचार विमर्श होगा। अत: संगठन के सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि समय से पहुंचने का कष्ट करें । कूर्मवंशी समाज विकास संगठन सरदार पटेल भवन शिवाजी जी नगर उतैली सतना संगठन के सह सचिव रावेन्द्र सिंह ने बताया कि संगठन का वार्षिक अधिवेशन 29 मार्च को दोपहर को 12 बजे दिन रविवार को रखा गया है

### संजीव खरे का निधन

**सतना।** पतेरी कायस्थ परिवार के पैप्टैक सिटी निवासी नीरज खरे के भाई यानी श्रीमती कंचन श्रीवास्तव के देवर संजीव खरे का 58 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था जिनको उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत के निवास पर डी सी श्रीवास्तव, सुशील खरे, डी सी सक्सेना, बालमुकुंद निगम, उपेन्द्र श्रीवास्तव, उमेश चंद्र श्रीवास्तव अमृत ने एक शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।